संपादकीय

# स्वतंत्रता का नव-चिंतन

प्रबुद्ध लोगों को अब अपनी मेधा यह समझने में लगानी चाहिए कि हमारा समाज आज किस हाल में है? आजादी के साथ देश ने जो लक्ष्य तय किए थे, उस यात्रा में हम आज कहां खड़े हैं?

भारत अपनी आजादी की 78वीं सालगिरह बदले राजनीतिक माहौल में मना रहा है। इस कारण यह संभव हुआ है कि सामाजिक सरोकार रखने वाले लोग स्वतंत्रता और अधिकारों के बारे में नए सिरे से सोच सकें। गुजरा दशक एक तरफ बड़े दावों, हकीकत से इतर नैरेटिव्स, और उन कथानकों से जगी ऊंची उम्मीदों का रहा, तो दूसरी ओर संविधान प्रदत्त आजादियों पर पहरा एवं अधिकारों के संकुचन से समाज के एक बड़े तबके में भारत की पारंपरिक परिकल्पना को लेकर शक गहराता गया। जनमत का एक बड़ा हिस्सा सामुदायिक टूटन के अहसास से ग्रस्त रहा। लेकिन 2024 में अचानक चीजें बदलती हुई दिखी हैं। उस बदलाव की ताजा मिसाल इसी स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आयोजित 'हर घर तिरंगा' अभियान बना है। यह आह्वान प्रधानमंत्री ने किया। तजुर्बा यह है कि पहले जब कभी नरेंद्र मोदी कोई ऐसा आह्वान करते थे, तो उस पर स्वतः-स्फूर्त एवं उत्साह प्रतिक्रिया होती थी। मगर इस बार कहानी उलटी रही है।

सत्ताधारी भाजपा के समर्थक वर्ग तक में इसका खास असर नहीं दिखा। यही हश्र कांवड़ यात्रा के समय उत्तर प्रदेश में नाम की तख्तियां लगाने के आदेश या वक्फ बोर्ड कानून में संशोधन के बिल का भी हुआ है। ये सरकारी पहल समाज में भावावेश पैदा करने या सांप्रदायिक ध्रुवीकरण को और तीखा करने में नाकाम रही हैं। यह समाज-शास्त्रीय या राजनीतिक अध्ययन का विषय है कि माहौल में यह परिवर्तन क्यों और कैसे हुआ है। बहरहाल, इस बदलाव से राष्ट्रीय विमर्श को सकारात्मक दिशा देने की संभावना जरूर पैदा हुई है। प्रबुद्ध लोगों को अब अपनी मेधा यह समझने में लगानी चाहिए कि हमारा समाज आज किस हाल में है? आजादी के साथ देश ने जो लक्ष्य तय किए थे, उस यात्रा में हम आज कहां खड़े हैं? बेरोजगारी और महंगाई जैसी समस्याओं के साथ बढ़ती गई आर्थिक मुश्किलों के अलावा अब हमारे सामने ढहते इन्फ्रास्ट्रक्चर, सीमाई इलाकों की सुरक्षा में लगती सेंध, लीक होते परीक्षा के पेपर, खेलों में फिसड्डी रहने जैसी हकीकतें भी हैं। इनसे निकलने का रास्ता क्या है, इन प्रश्न पर चर्चा शुरू कर हम स्वतंत्रता दिवस को अधिक सार्थक बना सकते हैं।

# एमटीएनएल-बीएसएनएल एक होने के बाद आया सबसे सस्ता प्लान, अनलिमिटेड कॉलिंग के साथ मिलेगा डेटा

**नई दिल्ली**

BSNL की तरफ से नया प्लान लाया जा रहा है। इसमें आपको कई शानदार ऑफर्स दिए जा रहे हैं। आज हम आपको एक ऐसे ही प्लान के बारे में बताने जा रहे हैं जो काफी दिनों से ट्रेंड में है और आप भी इसेअपनी लिस्ट में शामिल कर सकते हैं।




Jio के अफोर्डेबल प्लान की चर्चा लंबे समय से हो रही है। अगर आप भी कोई नया रिचार्ज प्लान सर्च कर रहे हैं तो आज हम आपको BSNL के बारे में जानकारी देने वाले हैं। इसमें यूजर्स को कई शानदार बेनिफिट्स मिलने वाले हैं। सभी टेलीकॉम कंपनियों ने रिचार्ज की कीमत बढ़ा दी है, लेकिन बीएसएनएल ने अभी भी पुरानी कीमतें लागू की हुई हैं। इसका असर सभी टेलीकॉम कंपनियों के यूजर बेस पर देखने को मिल रहा है। BSNL के यूजर बेस में उछाल देखने को मिला है। कई प्लान तो BSNL के ऐसे भी हैं जो 100 रुपए से कम कीमत में काफी शानदार ऑफर्स दे रहे हैं।

BSNL की सिम का यूज करते हैं तो ये खबर आपको काफी राहत दे सकती है। यूजर्स सस्ते प्लान सर्च कर रहे हैं तो ये काफी अच्छा ऑप्शन साबित हो सकते हैं। BSNL के प्लान में आपको 28 दिनों की वैलिडिटी मिल रही है और इसमें ब्राउजिंग डेटा के साथ वीडियो स्ट्रीमिंग मिल रहा है। BSNL 229 में आपको ये सभी ऑफर्स दिए जा रहे हैं। इस प्लान में यूजर्स को अनलिमिटेड लोकल और STD कॉलिंग बिल्कुल फ्री दी जा रही है।

BSNL के प्लान में इंटरनेट डेटा भी दिया जा रहा है। सब्सक्राइबर्स को कुल 60GB डेटा दिया जा रहा है। इस पूरी ड्यूरेशन के लिए यूजर्स को ये पूरा ऑफर दिया जाएगा। ये प्लान 2जीबी हाई-स्पीड इंटरनेट रोजाना दिया जा रहा है। ये टास्क आपके लिए काफी अच्छी साबित होने वाली है। ये Jio, Airtel और VI के प्लान की तरह है। क्योंकि इस प्लान में रोजाना 100 SMS दिए जाते हैं।

### MTNL-BSNL ने मिलाया था हाथ-

Mahanagar Telephone Nigam Limited (MTNL) के साथ भी BSNL ने हाथ मिलाया है। दिल्ली और मुंबई जैसी जगहों पर भी ये कंपनी अपनी सर्विस देने जा रही है। खास बात है कि इसमें दोनों कंपनियां अपना-अपना योगदान देने जा रही हैं। सरकार की तरफ से इसके लिए 10 साल का एग्रीमेंट भी किया गया है। ऐसे में लोगों को कम कीमत में फास्ट इंटरनेट की सुविधा मिलने वाली है। ऐसे में कहा जा सकता है कि ये काफी अच्छा प्लान साबित हो सकता है।

# आरबीआई ने इन 3 फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन पर लगाया बड़ा जुर्माना, कर रहे थे नियमों का उल्लंघन

**नई दिल्ली**

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने 3 बड़े फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस पर बड़ा जुर्माना लगाया है. आरबीआई ने कहा कि उसने बैंक ऑफ महाराष्ट्र, हिंदुजा लेलैंड फाइनेंस लिमिटेड और पूनावाला फिनकॉर्प लिमिटेड पर जुर्माना लगाया है.

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने 3 बड़े फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस पर बड़ा जुर्माना लगाया है. शुक्रवार को आरबीआई ने कहा कि उसने बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) पर अपने ग्राहक को जानिये (केवाईसी) सहित विभिन्न दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने के चलते 1.27 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है.

केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा कि उसने आठ अगस्त, 2024 के एक आदेश में बीओएम पर 1.27 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है. यह जुर्माना 'बैंक कर्ज वितरण के



लिए ऋण प्रणाली', 'बैंकों में साइबर सुरक्षा ढांचे' और 'अपने ग्राहक को जानिये' पर आरबीआई के कुछ दिशानिर्देशों का पालन न करने के चलते लगाया गया.

इसके अलावा रिजर्व बैंक ने हिंदुजा लेलैंड फाइनेंस लिमिटेड पर केवाईसी दिशानिर्देश, 2016 के कुछ प्रावधानों का पालन न करने पर 4.90 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है.

केंद्रीय बैंक ने पूनावाला फिनकॉर्प लिमिटेड पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है. बयान के मुताबिक, यह कार्रवाई नियामकीय अनुपालन में कमी के चलते की गई है, और इसका ग्राहकों के साथ किसी लेनदेन की वैधता से संबंध नहीं है.

# सैफ ने परिवार के साथ मनाया जन्मदिन

बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान ने शुक्रवार को परिवार के साथ अपना 54वां जन्मदिन मनाया। बेटी सारा ने इसकी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। सारा के इंस्टाग्राम पर 4.57 करोड़ फॉलोअर्स हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सैफ की केक कटिंग की कई तस्वीरें शेयर की हैं।

इस तस्वीर में बर्थडे बॉय सैफ को हाफ व्हाइट स्लीव टी-शर्ट और ब्लू डेनिम जींस पहने दिखाया गया है। सारा ने ब्लू स्लीवलेस क्रॉप टॉप और ऑफ-व्हाइट ट्राउजर पहना हुआ है। सारा के छोटे भाई इब्राहिम व्हाइट शर्ट और ब्लू डेनिम जींस में काफी अच्छे लग रहे हैं।

इस तस्वीर में सैफ की दूसरी पत्नी और अभिनेत्री करीना कपूर भी दिखाई दे रही हैं। वह पूरी तरह से डेनिम आउटफिट में हैं। तस्वीरों में गुब्बारों की सजावट दिख रही है, जिन पर बेस्ट डैड लिखा हुआ है। सैफ चॉकलेट केक काटते हुए नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट का कैप्शन है, हैप्पीएस्ट बर्थडे अब्बा।

करीना की बड़ी बहन करिश्मा कपूर ने बर्थडे बॉय के साथ एक तस्वीर पोस्ट की और लिखा, हैप्पी बर्थडे सैफू।

# रहाणे के लगातार दूसरे अर्धशतक से सेमीफाइनल में लीसेस्टरशायर

**लंदन**

अजिंक्य रहाणे, पीटर हैंड्सकॉम्ब और लियम ट्रेवैसकिस के अर्धशतकों की मदद से लीसेस्टरशायर ने आखिरी ओवर तक चले रोमांचक मुक़ाबले में हैंपशायर को तीन विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही गत विजेता लीसेस्टरशायर की टीम मेट्रो बैंक वनडे कप के सेमीफ़ाइनल में पहुंच गई। वह अब अपना खिताब बचाने से महज दो क़दम दूर है।



टॉस हारकर पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी हैंपशायर की टीम ने अपने कप्तान निक गबिंस के शानदार शतक और अनुभवी लियम डॉसन के अर्धशतक की मदद से निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट खोकर 290 रनों का एक चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। 18 साल के युवा डॉमिनिक केली ने भी पारी के अंत में 20 गेंदों पर 39 रनों की तेज़-तर्रार पारी खेली। लीसेस्टरशायर की तरफ़ से टॉम स्क्रिवेन ने तीन, जबकि क्रिस राइट ने दो विकेट लिए और हैंपशायर को एक ज़बरदस्त बल्लेबाज़ी विकेट पर 300 रनों के नीचे रोक दिया।

जवाब में एक समय लीसेस्टरशायर की टीम सिफ़र् 30 रनों पर तीन विकेट खोकर संघर्ष करती दिख रही थी। लेकिन रहाणे और हैंड्सकॉम्ब के बीच लगातार दूसरी और इस टूर्नामेंट की तीसरी शतकीय साझेदारी की मदद से टीम में निर्धारित ओवरों के अंदर जीत का विश्वास जगा। 128 रनों की इनकी साझेदारी को जॉन टर्नर ने तोड़ा, जो पारी की शुरुआत में पहले ही तीन विकेट ले चुके थे।

इसके बाद लीसेस्टरशायर की पारी फिर से लड़खड़ाई और 35वें ओवर में उनका स्कोर छह विकेट के नुक़सान पर 188 रन हो गया। अंतिम 15 ओवर में उन्हें 100 से अधिक रन चाहिए थे और उनके पास सिफ़र् चार विकेट शेष थे। लेकिन सातवें विकेट के लिए ट्रेवैसकिस और बेन कॉक्स

# टियाफो, हर्काज, रुण और ड्रेपर क्वार्टर फाइनल में

**सिनसिनाटी (यूएसए)**

अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी फ्रांसेस टियाफो ने जिरी लेहेका के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में 6-4, 6-7(10), 7-6(5) से जीत हासिल की और सिनसिनाटी के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। लगभग तीन घंटे के कठिन टेनिस मुकाबले के बाद टियाफो ने अपने छठे मैच प्वाइंट पर जीत हासिल की। शुरू से ही, टियाफो नियंत्रण में दिखे, उन्होंने अपने ट्रेडमार्क आक्रामक खेल के साथ पहला सेट 6-4 से जीत लिया, फोरहैंड एक्सचेंजों पर ध्यान केंद्रित किया जहां उन्होंने लगातार बढ़त हासिल की।



हालाँकि, मैड्रिड में चोट लगने के बाद पहली बार प्रतियोगिता में वापसी करने वाला चेक चैलेंजर एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी साबित हुआ। लेहेका ने दूसरे सेट के टाईब्रेकर में तीन मैच प्वाइंट से पिछड़ने के बाद वापसी की और अंततः इसे 12-10 से अपने नाम कर लिया, जिससे टियाफो निराश हो गए और दर्शक चिंतित हो गए।

तीसरे सेट में ड्रामा और बढ़ गया, जहां टियाफो ने 5-2 की बढ़त बना ली और ऐसा लग रहा था कि सब कुछ आराम से खत्म हो जाएगा। फिर भी लेहेका ने चुपचाप झुकने से इनकार करते हुए लगातार तीन गेमों में वापसी करते हुए एक और टाईब्रेकर खेला। टियाफो ने दृढ़ संकल्प और उसके पीछे घरेलू दर्शकों के साथ, कड़ी मेहनत की और टाईब्रेकर में 7-5 से मुश्किल जीत हासिल की। यह जीत टियाफो को क्वार्टर फाइनल में ले जाती है, जहां उन्हें पोलैंड के ह्यूबर्ट हर्काज़ के रूप में एक और कड़ी परीक्षा का सामना करना पड़ेगा, जो इटली के फ्लेवियो कोबोली को तीन सेटों (6-3, 3-6, 6-1) में हराने के बाद आगे बढ़े।

इस बीच, अन्य शीर्ष दावेदारों ने भी क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। डेनिश सनसनी होल्गर रूण ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए गाएल मोंफिल्स को 3-6, 6-3, 6-4 से हरा दिया। 20 वर्षीय खिलाड़ी अब सिनसिनाटी के ओपन युग के इतिहास में अंतिम आठ में पहुंचने वाला पहला डेनिश व्यक्ति है और उसका सामना ब्रिटेन के जैक ड्रेपर से होगा, जिन्होंने फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे पर 5-7, 6-4, 6-4 से जीत के साथ अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखा।

# टॉप सीड स्वीयाटेक ने सिनसिनाटी में बारिश से प्रभावित दिन क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश

**सिनसिनाटी (यूएसए)**

महिलाओं की नंबर 1 वरीयता प्राप्त इगा स्वीयाटेक ने यहां सिनसिनाटी ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, और टूर पर मार्टा कोस्ट्युक के खिलाफ अपना सही रिकॉर्ड बरकरार रखा। स्वीयाटेक ने 15वें नंबर की खिलाड़ी कोस्ट्युक को 70 मिनट में 6-2, 6-2 से हराया। पिछले दिन बारिश के कारण कार्यक्रम बाधित होने के बाद शुक्रवार को यह पहला पूर्ण मैच था।



गुरुवार को जो मैच स्थगित किए गए उनमें दूसरे दौर में जेसिका पेगुला बनाम करोलिना मुचोवा, झेंग क्विनवेन बनाम मैग्डालेना फ्रेच और कैरोलिन वोज्नियाकी के खिलाफ अनस्तासिया पाव्लुचेनकोवा शामिल हैं।

स्वीयाटेक ने अपनी पिछली दोनों प्रो भिड़ंतों में, रौलां गैरो 2021 में और इस वर्ष मार्च में इंडियन वेल्स सेमीफाइनल में - साथ ही 2017 में एक जूनियर मुकाबले में यूक्रेनी खिलाड़ी को सीधे सेटों में हराया था।

पोल अपने दूसरे सिनसिनाटी क्वार्टरफाइनल में आगे बढ़ी, जो पिछले साल सेमीफाइनल में पहुंची थी। यह उनका 2024 का अब तक का नौवां क्वार्टरफाइनल है और उनका सीजऩ रिकॉर्ड अब 54-6 हो गया है।

स्वीयाटेक अपने करियर का 11वां डब्ल्यूटीए 1000 खिताब और अकेले इस सीजऩ का पांचवां डब्ल्यूटीए 1000 जीतने के इरादे से सिनसिनाटी आई थी। 2009 में टूर्नामेंट की शुरुआत के बाद से उनके 10 डब्ल्यूटीए 1000 खिताब विक्टोरिया अजारेंका के बराबर और केवल सेरेना विलियम्स के 13 के पीछे दूसरे स्थान पर हैं।

# अक्षय कुमार की फिल्म स्काई फोर्स की रिलीज टली, स्त्री 2 से नहीं जुड़ा प्रोमो

राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर अभिनीत आगामी हॉरर-कॉमेडी स्त्री 2 15 अगस्त को सिनेमाघरों में आने वाली है और इसने पहले ही दर्शकों के बीच काफी उत्साह पैदा कर दिया है। हालांकि, पहले की रिपोर्टों के विपरीत, अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित फिल्म स्काई फोर्स का प्रोमो स्त्री 2 से नहीं जोड़ा जाएगा। यह खबर कई लोगों के लिए आश्चर्य की बात है, खासकर तब जब स्काई फोर्स इंडस्ट्री में काफी चर्चा का विषय रही है।

प्रदर्शनी क्षेत्र के एक सूत्र ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा, स्काई फ़ोर्स का प्रोमो अभी तैयार नहीं है,



यही वजह है कि इसे स्त्री 2 से नहीं जोड़ा जाएगा। पहले की रिपोर्टों से पता चला था कि निर्माताओं ने स्त्री 2 के साथ प्रोमो रिलीज़ करने की योजना बनाई थी, लेकिन उन्होंने इस निर्णय को टाल दिया है। इस अप्रत्याशित बदलाव ने प्रशंसकों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि उन्हें अक्षय कुमार के अगले बड़े प्रोजेक्ट की पहली झलक कब मिलेगी।

फिल्म को लेकर अनिश्चितता को बढ़ाते हुए, वितरण क्षेत्र के एक सूत्र ने खुलासा किया कि स्काई फोर्स को विलंबित कर दिया गया है और यह 2 अक्टूबर को रिलीज़ नहीं होगी, जैसा कि पहले घोषणा की गई थी। सूत्र ने कहा, फिल्म को आगे बढ़ा दिया गया है और यह 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में नहीं आएगी। अक्षय कुमार अपनी हालिया रिलीज़ और बॉक्स ऑफिस पर उनके प्रदर्शन को देखते हुए स्काई फोर्स की शूटिंग में आगे बढऩे से पहले खुद को फिर से तरोताजा करना चाहते हैं। निर्माता अक्षय कुमार की दो रिलीज़ के बीच कुछ अंतराल चाहते हैं।

# भारती सिंह ने कृष्णा अभिषेक को बांधी राखी, कहा- हम एक-दूसरे को जमकर चिढ़ाते हैं

कॉमेडियन भारती सिंह ने लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट के अपने को-स्टार कृष्णा अभिषेक को राखी बांधी और अपने खास बॉडिंग के बारे में बताया।



शो के अपकमिंग एपिसोड में उस वक्त हर कोई इमोशनल हो गया, जब भारती ने कृष्णा की कलाई पर राखी बांधी। कृष्णा के बारे में भारती ने कहा, कृष्णा और मेरे बीच एक अनोखा रिश्ता है। हम स्टेज पर और स्टेज से बाहर दोनों जगह लोगों को हंसाते हैं। भाई-बहनों की तरह, हम एक-दूसरे को जमकर चिढ़ाते हैं, लेकिन जब जरूरत होती है तो हम हमेशा एक-दूसरे के लिए मौजूद रहते हैं। हमारा रिश्ता शब्दों से परे है, हम एक-दूसरे को आगे बढऩे के लिए प्रेरित करते हैं और साथ ही बातों को हल्के-फुल्के अंदाज में रखते हैं। हालांकि मेरे इंडस्ट्री में कई दोस्त हैं, लेकिन कृष्णा और मेरे बीच जो रिश्ता है, वह वाकई खास है।

# जब अनुष्का शर्मा को फिल्म निर्माता ने दिया रियलिटी चेक

बड़े पर्दे पर विभिन्न प्रकार की भूमिकाएं निभाकर दर्शकों का दिल जीतने वाली अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने खुलासा किया है कि कैसे फिल्म निर्माता आदित्य चोपड़ा ने उन्हें उनके अहंकारी स्वभाव के लिए रियलिटी चेक दिया था।



इंटरनेट पर वायरल हो रहे एक थ्रोबैक वीडियो में, हम अनुष्का को यह खुलासा करते हुए देख सकते हैं कि अभिनेत्री बनने से पहले वह कितनी घमंडी थीं।

वीडियो में अनुष्का को यह कहते हुए सुना जा सकता है, ईमानदारी से कहूं तो अभिनेता बनने से पहले मैं बहुत घमंडी हुआ करती थी। मैं स्कूलों और अन्य सभी जगहों पर बहुत अधिक लोगों से बात नहीं करती थी। मैं वास्तव में दंभी थी।

अनुष्का ने कहा, एक बार जब मैं अभिनेत्री बन गई तो आदित्य चोपड़ा ने मेरा रियलिटी चेक किया। उन्होंने कहा, तुम फिल्म कर रही हो, लेकिन तुम्हें पता है क्या? तुम सबसे अच्छी दिखने वाली लडक़ी नहीं हो। तब तक मैं सोचता थी कि मैं सबसे बेहतर हूं।

अनुष्का ने 2008 में रोमांटिक कॉमेडी फिल्म रब ने बना दी जोड़ी से बॉलीवुड में डेब्यू किया था, जो आदित्य चोपड़ा द्वारा लिखित और निर्देशित थी और उनके पिता यश चोपड़ा द्वारा यश राज फिल्म्स के प्रोडक्शन बैनर के तहत निर्मित की गई थी। फिल्म में शाहरुख खान ने सुरिंदर साहनी की भूमिका निभाई, जबकि अनुष्का ने तानी की भूमिका निभाई।

इसके बाद उन्होंने बदमाश कंपनी में बुलबुल, बैंड बाजा बारात में श्रुति, पटियाला हाउस में सिमरन, लेडीज वर्सेज रिकी बहल में इशिका, जब तक है जान में अकीरा, मटरू की बिजली में बिजली का किरदार निभाया।

वह फिल्म परी, फिल्लौरी और बुलबुल की प्रोड्यूसर भी हैं।

अनुष्का की अगली फिल्म चकदा एक्सप्रेस है। अभिषेक बनर्जी द्वारा लिखित, प्रोसित रॉय द्वारा निर्देशित और क्लीन स्लेट फिल्म के बैनर तले कर्णेश शर्मा द्वारा निर्मित इस जीवनी पर आधारित स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म में दिब्येंदु भट्टाचार्य, रेणुका शहाणे, अंशुल चौहान, कौशिक सेन, महेश ठाकुर जैसे कलाकार हैं।

# शब्द सामर्थ्य- 151

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 150 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | | | इं | | | |
| स | ह | | ब | र | सा | त | | प |
| | क | हा | नी | | न | क | च | ढ़ा |
| त | | | स्ब | | | ली | | ई |
| क | या | म | त | | क | फ | न | |
| दी | | र्दा | | बा | बू | | ह | वा |
| र | ह | ना | | ल | त | खो | र | |
| | वा | | नौ | क | र | | | सा |
| भा | ई | | का | | | बा | द | ल |

# सू-दोकू- 151

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.150 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

# आज का राशिफल

***मेष-*** दिन लाभदायक रहेगा। आज अचानक ही कोई बड़ा खर्चा आएगा। अपने बजट का ध्यान रखें। किसी नजदीकी मित्र या रिश्तेदार के साथ कुछ कलह की स्थिति बन सकती है। एकांत में रहने या आत्ममनन करने से मानसिक शांति मिलेगी।

***वृषभ-*** आज आप सकारात्मक विचारों के साथ अपने दिन की शुरुआत करेंगे। पिछले कई दिनों से चल रही व्यस्तता आज कुछ कम होगी। आज कुछ समय खुद के लिए भी निकालेंगे।

***मिथुन-*** आज आप पारिवारिक माहौल और कार्य क्षेत्र दोनों में आपको तालमेल बना कर चलना चाहिए, आपको प्रसन्नता मिलेगी। आज आप बड़े बुजुर्गों और वरिष्ठ सदस्यों के मान-सम्मान में कमी नहीं आने देंगे।

***कर्क-*** आज आपको किस्मत का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। जो लोग राजनीति के क्षेत्र से जुड़े हैं, उनके मान-सम्मान में वृद्धि होगी , पार्टी में उनको कोई उच्च पद भी मिल सकता है।

***सिंह-*** आज का दिन आपके लिए शुभ व सकारात्मक रहेगा। आज कार्यस्थल पर मेहनत के परिणाम मन मुताबिक न मिलने से कुछ उदासी रहेगी। साझेदारी के व्यवसाय में पारदर्शिता बनाकर रखेंगे। दूसरों की बातों में ना आकर अपनी कार्य क्षमता पर ही विश्वास करेंगे तो काम करने में आसानी होगी।

***कन्या-*** आज कोई रुकी हुई पेमेंट मिल सकती है या कोई रुका हुआ आय का स्रोत भी फिर से शुरू हो सकता है। किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने से आपको हार्दिक खुशी मिलेगी।

***तुला-*** आपके लिए आज का दिन अत्यंत शुभ है। आज संबंधों में मधुरता लाने के लिए छोटी-मोटी नकारात्मक बातों को नजरअंदाज करना जरूरी है और आपसी वार्तालाप से गिले-शिकवे दूर करेंगे।

***वृश्चिक-*** आपने कारोबार में नए काम की शुरुआत की है तो आज उसमें अच्छा मुनाफा रहेगा। मीडिया, प्रिंटिंग जैसे कार्यों में कोई भी निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। नौकरीकर रहे लोगों को अपनी इच्छा के विपरीत कोई कार्यभार मिल सकता है।

***धनु-*** दिन नई उमंग लेकर आएगा। आज आजीविका के लिए प्रयास करेंगे, नौकरी से जुड़े लोगों एवं व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए लाभ के संकेत हैं। आमदनी बढ़ सकती है। आपका रहन-सहन और बोलचाल का तरीका लोगों को आपकी तरफ आकर्षित रखेगा।

***मकर-*** आपके लिए यात्रा के योग बन रहें हैं। आज परेशानियों से निपटने के लिए नए शिरे से शुरुआत करेंगे। आज व्यवस्थित कार्य प्रणाली रखने से आपके कार्य आसान हो जाएंगे। यदि आप नया मकान खरीदने के लिए सोच रहे हैं तो अपने बड़ों की सलाह लेते समय मन को शांत रखें।

***कुंभ-*** पार्टनर के साथ अच्छा समय बिताएंगे। कंस्ट्रक्शन के क्षेत्र से जुड़े लोग अपनी योजना में सफल होंगे। आज बातचीत के माध्यम से कई मसलों का हल व समाधान मिलेगा।

***मीन-*** आर्थिक गतिविधियों को व्यवस्थित करने के लिए समय अनुकूल है। इस समय व्यक्तिगत संबंधी निर्णय लेने जा रहे हैं तो देर ना करें। ऐसा करना आपके लिए सुखदाई रहेगा। परिवार से संबंधित कोई दायित्व पूरा करने में भी आपका विशेष योगदान रहेगा।